नर सेवा

नारायण सेवा



SVHM सोसाइटी का
11वां चिकित्सालय



पीपलकोटी चिकित्सालय
में अल्ट्रासाउंड सुविधा
का शुभारंभ

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## तिमाही वृतांत
## अक्टूबर - दिसम्बर 2021

# विषय

## संपादक की कलम से:

इस वर्ष की तीसरी तिमाही में जनजीवन सामान्य होता दिखाई दिया और कोविड से पूर्व जैसी जीवनशैली काफी हद तक लोगों ने अपना ली थी। समुदाय में भी पहले की तरह विभिन्न त्योहारों व धार्मिक और पारिवारिक समारोहों का आयोजन होना शुरू हो गया था तथा पर्यटन संबंधित गतिविधियां भी अपने पूरे जोर पर दिखाई दी। दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह में ओमीक्रोन नाम के एक नए कोरोना वायरस स्ट्रेन के आने से इस महामारी की तीसरी लहर शुरू हो गई, हालाँकि इसके कम घातक होने से स्थितियां गंभीर नहीं हुई।

ये तिमाही भी SVHM सोसाइटी के लिए उपलब्धियों वाली रही और इनमें सबसे महत्वपूर्ण रही जब धर्मावाला चिकित्सालय से 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित साधना केंद्र आश्रम, डुमेट के चिकित्सालय का संचालन सोसाइटी ने अपने हाथ में ले लिया और ये सोसाइटी का 11वां चिकित्सालय बन गया।

पीपलकोटी चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुरू होना, इस तिमाही की एक और उल्लेखनीय पहल रही। अल्ट्रासाउंड सुविधायुक्त अब ये सोसाइटी का तीसरा चिकित्सालय हो गया है जो की इस क्षेत्र व उसके आसपास के निवासियों के लिए वरदान स्वरुप साबित हो रहा है।

तिमाही की एक अन्य विशेषता रही अक्टूबर माह में सोसाइटी के श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय में दैनिक रोगियों कि औसत संख्या जो की 350 से भी अधिक रही और एक दिन यह संख्या 1000 के आंकड़े को भी पार कर गयी। यह दर्शाता है की सोसाइटी के इस प्रकल्प की श्री केदारनाथ धाम में कितनी नितान्त आवश्कता थी।

हमेशा की तरह नियमित सामुदायिक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिविरों के माध्यम से सोसाइटी ने अपने दायित्वों का निर्वहन यथावत रखा एवं सोसाइटी से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञ अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देने आते रहे।

सोसाइटी ने स्वामी विवेकानन्द जयंती के शुभ अवसर पर घर घर जाकर एक "जन संपर्क अभियान" चलाने का निर्णय लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य समुदाय को सोसाइटी किसके द्वारा चलाई जा रही है और क्यों इस सोसाइटी का गठन किया गया बताना था। साथ ही समुदाय को यह भी अवगत कराना था की सोसाइटी पूर्णतः सभी लोगों के दान से कार्य करती है। इसके अतिरिक्त सोसाइटी के विजन और मिशन के बारे में तथा चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं के बारे में भी समुदाय को अवगत कराना था और उनसे हमारी सेवाओं का फीडबैक भी लेना था। धर्मावाला चिकित्सालय द्वारा यह अभियान दिसम्बर माह में चलाया गया व सोसाइटी के अन्य चिकित्सलायों में जनवरी माह में चलाने का निर्णय हुआ।

तिमाही में सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों में दीपावली का त्यौहार भी पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया और "द हंस फाउंडेशन" संस्था के पूज्य माता श्री मंगला जी और पूज्य भोले जी महाराज द्वारा दिए आशीर्वाद स्वरुप उपहार भी वितरित किये गए।


03
तिमाही विशेष

04-06
उत्सव एवं उल्लेखनीय घटनाएँ

07-08
मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

09
सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

10
सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

11
आंकड़े




धर्मावाला: "जन संपर्क अभियान"

# तिमाही विशेष



## 19 नवम्बर: पीपलकोटी चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुभारंभ

अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुभारंभ कर पीपलकोटी चिकित्सालय ने अपने इतिहास में एक नया अध्याय स्थापित किया है, जो की इस सुदूर क्षेत्र व आस पास की जनता के लिए वरदान साबित हो रहा है। श्री धनीराम जी (क्षेत्रीय सेवा प्रमुख, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, RSS), श्री महेंद्र भट्ट (विधायक, श्री बद्रीनाथ जी विधान सभा), डॉ. अनुज सिंघल जी (सचिव, SVHM सोसाइटी) व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की पावन उपस्थिति में जब अल्ट्रासाउंड सुविधा का उद्घाटन किया गया तो उपस्थित जनमानस में हर्ष की लहर दौड़ गई और उनकी प्रसन्नता असीमित थी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



## 10 दिसम्बर: साधना केंद्र आश्रम, डुमेट स्थित उदासीनाचार्य श्रीचंद्र चैरिटेबल हॉस्पिटल SVHM सोसाइटी का 11वां चिकित्सालय बना

साधना केंद्र आश्रम, श्रीचंद्र स्वामी उदासीन जी द्वारा स्थापित एक आध्यात्मिक केंद्र है, जो ध्यान, साधना एवं सत्य की खोज के लिये प्रतिबद्ध और समर्पित साधकों के लिए एक अभ्यास स्थान है। 1970 में स्वामी जी द्वारा स्थापित यह आश्रम धर्मार्थ संगठन सीकर्स ट्रस्ट द्वारा संचालित है। यह आश्रम नियमित रूप से सोसाइटी के स्वास्थ्य परियोजनाओं में सहयोग करता रहा है। पूजनीय श्रीचंद्र स्वामी उदासीन जी के अनुरोध पर, SVHM सोसाइटी ने 10 दिसंबर 2021 से साधना केंद्र आश्रम के चिकित्सालय का संचालन अपनी देख रेख में लिया। इस चिकित्सालय में एक जनरल ओ.पी.डी., एक दंत विभाग, लैब जांचे और नि:शुल्क फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध है।

### 27 अक्टूबर: धर्मावाला



श्री विपिन चंद्र जी, मुख्य आयकर आयुक्त ने धर्मावाला चिकित्सालय का भ्रमण किया

### 28 अक्टूबर: देहरादून



उत्तराखण्ड सरकार के "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" समारोह के उपलक्ष में, मुख्य आयुक्त द्वारा SVHM सोसाइटी के सदस्यों को दिनांक 28 अक्टूबर को आयकर विभाग मुख्यालय में सोसाइटी के बारे में बताने हेतु आमंत्रित किया गया

### 9 दिसम्बर: दिल्ली



S-VYASA, AIIMS दिल्ली की टीम के साथ हरिद्वार चिकित्सालय की टीम

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों का प्रवास

### 20 नवम्बर: हरिद्वार



हरिद्वार चिकित्सालय टीम के साथ श्री श्याम कुमार जी, अखिल भारतीय धर्म जागरण प्रमुख

### 20 अक्टूबर: धर्मावाला



डॉ. वी. वी. प्रसाद, आयुर्वेदिक चिकित्सक धर्मावाला के साथ श्री युद्धवीर जी, प्रान्त प्रचारक, RSS उत्तराखण्ड

### 4 दिसम्बर: पेटशाल



श्री महेंद्र जी, क्षेत्रीय प्रचारक; श्री युद्धवीर जी, प्रांत प्रचारक एवं श्री देवेंद्र जी, सह प्रांत प्रचारक

### 24 दिसम्बर : पेटशाल



श्री पराग अभ्यंकर जी, अखिल भारतीय सेवा प्रमुख; श्री धनीराम जी, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख; श्री पवन जी, प्रांत सेवा प्रमुख और श्री इंद्रमोहन जी, विभाग प्रचारक

# दीपावली उत्सव

**SVHM सोसाइटी के चिकित्सालयों में में दीपावली का उत्सव पूरे उत्साह से मनाया गया**


मनेरी


नारायणकोटी


बड़कोट


पीपलकोटी


धर्मावाला


पेटशाल


हरिद्वार


गंगोत्री धाम


केदारनाथ धाम

# उल्लेखनीय घटनाएँ

## कोरोना योद्धा सम्मान

धर्मावाला — 12 अक्टूबर



धर्मावाला चिकित्सालय के डॉ. दीपक सिन्हा को कोविड महामारी के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के लिए उत्तराखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा "कोरोना योद्धा सम्मान" से सम्मानित किया गया।

## शीतकालीन वस्त्र एवं कंबल वितरण शिविर

300 ऊनी कंबल और 200 गर्म जैकेट वितरित किए गए


पीपलकोटी — 19 दिसम्बर



पीपलकोटी के हमारे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ इलिआंगो की पहल एवं रामकृष्ण मिशन की ऋषिकेश शाखा के सहयोग द्वारा पीपलकोटी चिकित्सालय में यह शिविर वंचित एवं गरीब लोगों के सहायतार्थ आयोजित किया गया।

## "राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम" पर अभिमुखीकरण सत्र

धर्मावाला — 22 दिसम्बर



डॉ. मनोज वर्मा (जिला क्षय रोग अधिकारी, देहरादून) द्वारा लिए गए इस सत्र में धर्मावाला चिकित्सालय के सभी डॉक्टर और स्टाफ ने प्रतिभाग लिया।

## सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल

पेटशाल — 18 दिसम्बर



18 दिसम्बर


18 दिसम्बर

सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा से दो डॉक्टर, डॉ. हिमानी जेलखानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ और डॉ. प्रियांक गोयल, चेस्ट स्पेशलिस्ट सप्ताह में एक बार (शनिवार) पेटशाल चिकित्सालय में अपनी सेवायें देंगे। सोसाइटी इसके लिए संस्थान का सहृदय आभार व्यक्त करती है।

## "एंटीबायोटिक के सही एवं सटीक उपयोग" पर दो वेबिनार सत्र

SVHM चिकित्सालय — 22 एवं 27 दिसम्बर



डॉ. संजय शाह, वरिष्ठ फिजीशियन, स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हॉस्पिटल, हरिद्वार द्वारा लिए गए इस जानकारीपूर्ण वेबिनार सत्रों में SVHM सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों के समस्त चिकित्सकों की प्रतिभागिता रही।

## "Community Interaction Drive" (जन संपर्क अभियान)

**28-31 दिसम्बर**



28 दिसम्बर: कट्टापत्थर गाँव

अपनी कृतज्ञता एवं उदारता दिखाते हुए समुदाय से बहुत लोगों ने जिनमें की निम्न सामाजिक-आर्थिक वर्ग के लोग भी शामिल थे, स्वेच्छा से और खुशी-खुशी धन राशि एवं अन्य विविध वस्तुएं दान स्वरुप हमारी टीमों को दीं।

**हमारे चिकित्सालयों की सुविधाओं के बारे में समुदाय की प्रतिक्रिया एकत्र करने और हमारी मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं गुणवत्ता में सुधार हेतु इस अभियान के द्वारा एक सार्थक प्रयास किया गया।**

12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानन्द जयंती के शुभ अवसर पर , SVHM सोसाइटी ने अपने सभी चिकित्सालयों द्वारा घर-घर जाकर एक "जन संपर्क अभियान" चलाने का निर्णय किया, जिसका मुख्य उद्देश्य समुदाय तक सोसाइटी के गठन के पीछे की विचारधारा को पहुँचाना एवं यह एहसास कराना की यह सोसाइटी कई उदार लोगों के दान एवं सहयोग द्वारा संचालित की जा रही है। अभियान के दौरान चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं पर बने पत्रक भी वितरित किये गये और सार्वजनिक स्थानों पर बैनर भी लगाये गये।




28 दिसम्बर: कुंजा गाँव



28 दिसम्बर: बाडवाला गाँव



28 दिसम्बर : सभावाला गाँव



28 दिसम्बर: कट्टापत्थर गाँव



28 दिसम्बर: बद्रीपुर गाँव

**कुल भ्रमण किए गए गाँव : 16**
**सम्पर्क किये गये कुल परिवारों की संख्या: 1999**
**चिकित्सालय की सुविधायों से सम्बंधित फीडबैक:**
**बहुत अच्छा: 336 (17 %)**
**अच्छा: 1147 (57 %)**
**औसत: 150 (7.5 %)**
**असंतोषजनक: 84 (4 %)**
**कोई प्रतिक्रिया नहीं: 282 (14.5 %)**
**चिकित्सालय के बारे में पता था : 1880 (94 %)**

# उल्लेखनीय घटनाएँ



## "Community Interaction Drive" (जन संपर्क अभियान)

**28-31 दिसम्बर**



29 दिसम्बर: व्यासनेहरी गाँव

### एक लाभार्थी का अनुभव

अभियान के दौरान गाँव के एक रोगी की परिजन अत्यंत भावुक हो गई और एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के अपने अनुभव को साझा करते हुए रोने लगी, जिसमें उसके पति की दुर्घटना हो गई थी और हमारे चिकित्सालय में उसका पूरी सेवा भाव से उपचार किया गया था जिसके लिए वह हृदय से आभारी थी।

रोगी के परिजन की प्रतिक्रिया सुनने के लिए यहां क्लिक करें: https://youtu.be/4K63gTgl01s

धर्मावाला चिकित्सालय में यह चार दिवसीय अभियान 28 दिसम्बर से शुरू हुआ एवं सोसाइटी के अन्य चिकित्सालयों में 1 जनवरी 2022 से अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के दौरान, समुदाय ने हमारे स्टाफ का स्वागत किया और हमारे चिकित्सालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं की भरपूर प्रशंसा की। हमारे चिकित्सालय की टीम द्वारा उनके घर तक पहुंचने के प्रयासों के लिए सभी ने सहृदय आभार व्यक्त किया।



28 दिसम्बर: बद्रीपुर गाँव



28 दिसम्बर: बद्रीपुर गाँव



29 दिसम्बर: कुंजा गाँव



29 दिसम्बर: व्यासनेहरी गाँव



30 दिसम्बर: मेहुवाला गाँव



31 दिसम्बर: डांडीपुर गाँव



31 दिसम्बर: तिपरपुर गाँव



31 दिसम्बर: सोरना गाँव

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

**शिविर: 23; लाभार्थी: 6002**

**धर्मावाला (12); हरिद्वार (11)**

इन शिविरों में विभिन्न स्पेशियलिटी के <u>45</u> डॉक्टरों द्वारा पूर्णतः स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान की गयीं

इन शिविरों में कुल **50** निःशुल्क सर्जरी की गई।

## हरिद्वार


3 अक्टूबर


10 अक्टूबर


17 अक्टूबर


31 अक्टूबर


14 नवम्बर


21 नवम्बर


5 दिसम्बर


12 दिसम्बर


19 दिसम्बर

## धर्मावाला



31 अक्टूबर


26 दिसम्बर

# मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला एवं हरिद्वार

## कुल मोतियाबिंद के ऑपरेशन: 86



19 अक्टूबर

डॉ. अनिल शर्मा, नेत्र सर्जन, अंबाला मोतियाबिंद ऑपरेशन करते हुए



9 दिसम्बर



9 दिसम्बर

डॉ. सुलभ गोयल, वरिष्ठ नेत्र सर्जन, हरिद्वार चिकित्सालय मोतियाबिंद ऑपरेशन करते हुए

## पेटशाल

## सर्जरी शिविर: 4; सर्जरी: 24



24 एवं 27 नवम्बर



26 दिसम्बर



28 नवम्बर

**स्वैच्छिक सेवाएँ:** नोएडा से डॉ. एम. हमीदी (वरिष्ठ जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन) एवं डॉ. राहुल सिंह (वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट); रुद्रपुर से डॉ. अजय अग्रवाल (वरिष्ठ जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन) एवं डॉ. मनोरंजन पंत (वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट); बरेली से डॉ. संदीप अग्रवाल (वरिष्ठ पीडियाट्रिक सर्जन) एवं डॉ. कुशल पांडे (वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट) ने पेटशाल सर्जरी शिविर में अपनी सेवाएं दीं, जिससे ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्र में रहने वालों लोगों को लाभ हुआ।

## गंगोत्री धाम

## नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर; लाभार्थी: 148



22 एवं 23 अक्टूबर

नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (NMO), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (THDC) लिमिटेड और सीमा डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, ऋषिकेश के संयुक्त सहयोग से गंगोत्री धाम चिकित्सालय में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
इस शिविर से कुल 148 लोग लाभान्वित हुए।



22 एवं 23 अक्टूबर

शिविर का उद्घाटन, साध्वी धर्मनिष्ठा जी, गंगोत्री धाम, महंत रमेश जी (मातेश्वरी अन्नक्षेत्र गंगोत्री धाम), श्री राजपुष्प जी (विभाग प्रचारक, RSS टिहरी विभाग) एवं डॉ. हिमांशु जी (प्रधानाचार्य, सीमा डेंटल कॉलेज ऋषिकेश) के द्वारा किया गया।

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## शिविर: 35
## लाभार्थी: 25431

**शिविर में आए रोगी जिन्हें अपनी बीमारी का प्रथम बार पता चला:**

- **उच्च रक्तचाप:** 70
- **मधुमेह:** 55



हरिद्वार

4 अक्टूबर: तेलीवाला गाँव



हरिद्वार

26 अक्टूबर: फेरुपुर गाँव



हरिद्वार

27 अक्टूबर: हद्दिपुर गाँव



हरिद्वार

4 नवम्बर: गढ़ मीरपुर गाँव



हरिद्वार

13 नवम्बर: कोटमाछेरेड्डी गाँव



पीपलकोटी

13 नवम्बर: किमाणा गाँव



नारायणकोटी

20 दिसम्बर: तुलंगा गाँव



नारायणकोटी

22 दिसम्बर: मस्तुरा गाँव



नारायणकोटी

24 दिसम्बर: खोनु कोटमा गाँव

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

## सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

- संपर्क किये गए घर: 1188
- संपर्क किए गए लाभार्थी : 1951



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच

**एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम**

पंजीकृत लाभार्थी **880**

**स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम**

एलिजिबल लाभार्थी **76**

कुल स्क्रीनिंग **46**

**My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम:**

MY PAD लाभार्थियों की संख्या **65**

कुल वितरित REUSABLE सेनेटरी पैड **120**



My Pad लाभार्थी



स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर कार्यक्रम का जागरुकता सत्र

खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें: 508
एनीमिक पाए गए: 301 (59 %)

स्तन एवं ग्रीवा कैंसर के जागरूकता सत्र में भाग लेने वाली कुल महिलाओं की संख्या: 187

Menstrual Hygiene कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्या: 321

## सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

संपर्क किये गए घर **366**

संपर्क किए गए लाभार्थी **1202**

संदिग्ध मनोरोगी **156**

मनोरोगी **58**



31 दिसम्बर: समूह परामर्श सत्र

राजकीय प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर में "आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता, स्वच्छता, एकाग्रता, नैतिक मूल्य और अच्छी आदतें" विषय पर एक समूह परामर्श सत्र आयोजित किया गया।

- प्रतिभागियों की संख्या: *78*
- सत्र की अवधि: *1* घंटा
- व्यक्तिगत वार्त्तालाप: *30* मिनट
  - *78* बच्चों में से *8* बच्चों में डिस्लेक्सिया, डिसग्राफिया और आदत संबंधी विकार पाए गए।

### मनोरोग ओ.पी.डी. (टेली परामर्श)




प्रो. डॉ. सागर लवानिया
वरिष्ठ मनोचिकित्सक, आगरा

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से धर्मावाला चिकित्सालय में दैनिक मानसिक स्वास्थ्य ओ.पी.डी. की शुरुआत हुई है। चिकित्सालय की साइकोलॉजिस्ट डॉ.शालिनी, दैनिक रूप से डॉ.सागर लवानिया (प्रो. एवं एच.ओ.डी., एफ.एच. मेडिकल कॉलेज, आगरा) से टेली कंसल्टेशन कर रोगियों के आवश्यकतानुसार परामर्श व उपचार में सहयोग करती है।




मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर एक जागरूकता सत्र


वीडियो कंसल्टेशन द्वारा परामर्श एवं उपचार किए गए मनोरोगी: 94


# आंकड़े




नोट: हमारे गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम स्थित तीन चिकित्सालय चार धाम यात्रा सीजन में कार्यरत रहते हैं, तीनो धामों के कपाट बंद होने के कारण दिसम्बर माह में यह तीन चिकित्सालय कार्यरत नहीं थे।




## धर्मावाला और हरिद्वार में उपलब्ध सुविधाएं

| चिकित्सालय | सर्जरी (427) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 211 | 67 |
| नारायणकोटी | 0 | 18 |
| बड़कोट | 0 | 60 |
| बद्रीनाथ | 0 | 7 |
| पेटशाल | 18 | 7 |
| हरिद्वार | 14 | 25 |
| कुल | 243 | 184 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, यूरो, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी

| | |
|---|---|
| पंचकर्म (आयुर्वेद) | 60 |
| सी टी स्कैन | 244 |
| एंडोस्कोपी | 19 |
| ईको (ECHO) | 19 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 32 |
| ऑडियोमेट्री | 15 |
| मनोवैज्ञानिक परामर्श | 1344 |
| जीवन शैली से सम्बंधित विकार | 791 |
| मानसिक रोग (मनोरोग जाँच एवं परामर्श, मनोचिकित्सा सत्र) | 315 |
| प्री एवं पोस्ट ऑपरेटिव (ऑपरेशन से पहले एवं ऑपरेशन के बाद ) | 238 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला अस्पताल में उपलब्ध हैं

अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार और पीपलकोटी चिकित्सालयों में उपलब्ध है। TIFFA (level II) स्कैन केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 19175 | 496 | 2545 | 1043 | 148 |
| मनेरी | 134 | 5 | 60 | 5 | 11 |
| नारायणकोटी | 2686 | 216 | 619 | 259 | 70 |
| बड़कोट | 1709 | 34 | 669 | 84 | 146 |
| पीपलकोटी | 1140 | 73 | 176 | 104 | 19 |
| बद्रीनाथ | 638 | 76 | 49 | 18 | 3 |
| पेटशाल | 1569 | 108 | 407 | 30 | 74 |
| केदारनाथ | 452 | 1031 | 26 | 10 | 13 |
| हरिद्वार | 13002 | 231 | 1101 | 641 | 33 |
| गंगोत्री | 238 | 121 | 38 | 0 | 36 |
| कुल | 40743 | 2391 | 5690 | 2194 | 553 |

| 63851 | 427 | 2391 | 5690 | 3264 | 40743 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स-रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |

नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

***For Domestic Donations***

***Account details:***

***Swami Vivekanand Health Mission Society***
***A/C No: 32584491256***
***IFSC Code: SBIN0010626***
***Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun***

आपका अमूल्य दान



एक वरदान

***For International Donations***

***Account details:***

***Swami Vivekanand Health Mission Society Annapoorna***
***A/c No. - 00000040181017724***
***IFSC - SBIN0000691***
***Micr - 110002087***
***Swift Code- SBININBB104***
***Branch- New Delhi Main Branch***




**सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।**

**Contact us :**

***svhmuk@gmail.com***

**Visit us :**

***svhmuk.in***
***twitter.com/svhmuk/***
***facebook.com/svhmu/***
***instagram.com/svhmuk/***

**जो भी N.R.I. / दानकर्त्ता भारत के अपने खाते से धन राशि ट्रांसफर करने के इच्छुक हैं, कृपया उपर लिखे हुए SVHM सोसाइटी के डोमेस्टिक donation वाले अकाउंट में ही ट्रांसफर करें।**



धर्मावाला, देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग



नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



श्री बद्रीनाथ धाम, चमोली



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



श्री केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग



हरिद्वार



गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी



साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून

> “सारी शक्ति तुम्हारे भीतर है; आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं।
> - स्वामी विवेकानन्द”